EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद
Connecting. Empowering. Transforming.
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

**प्रेस विज्ञप्ति**

# ईपीसीएच ने हाई प्वाइंट मार्केट, अमेरिका में 62वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला (ऑटम) 2026 के वैश्विक प्रचार को किया और सुदृढ़

**26 अप्रैल 2026, दिल्ली/एनसीआर**: हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने आगामी 62वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला (ऑटम) 2026, जो 13 से 17 अक्टूबर 2026 तक आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला है, के लिए अपने वैश्विक प्रचार अभियान को और मजबूत करते हुए प्रतिष्ठित हाई प्वाइंट मार्केट, नॉर्थ कैरोलिना, अमेरिका में भाग लिया। यह मार्केट फर्नीचर और होम फर्निशिंग के क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र माना जाता है।

"सूट्स एट मार्केट स्क्वायर" में ईपीसीएच के बूथ का उद्घाटन डॉ. नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच द्वारा प्रमुख एवं प्रतिष्ठित बाइंग एजेंट्स श्री प्रशांत वासुदेवन, श्री शशांक खन्ना एवं श्री अजय अब्रोल के साथ अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर डॉ. नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच ने कहा, "हाई प्वाइंट मार्केट जैसे वैश्विक प्रतिष्ठित मंचों पर हमारी निरंतर भागीदारी भारत को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तनिर्मित उत्पादों के लिए एक पसंदीदा सोर्सिंग गंतव्य के रूप में स्थापित करने के प्रति परिषद की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विशेष रूप से अमेरिका से प्राप्त अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों की बढ़ती मांग को दर्शाती है और हमें अपने वैश्विक प्रचार प्रयासों को और तेज करने के लिए प्रेरित करती है।"

डॉ. खन्ना ने आगे कहा, "हम हाई प्वाइंट मार्केट में भाग ले रहे अमेरिका के प्रमुख आयातकों और खरीदारों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहे हैं। प्रमुख आईएचजीएफ दिल्ली मेला अमेरिकी आयातकों के बीच एक स्थापित एवं विश्वसनीय सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, और कई आयातक इसे अपने वैश्विक सोर्सिंग कैलेंडर में नियमित रूप से शामिल करते हैं।"

श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने कहा, "हाई प्वाइंट मार्केट में हमारी लक्षित प्रचार रणनीति का उद्देश्य प्रमुख खरीदारों और आयातकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है। केंद्रित आउटरीच और सतत ब्रांडिंग प्रयासों के माध्यम से हम आगामी आईएचजीएफ दिल्ली मेला (ऑटम) 2026 में गुणवत्तापूर्ण खरीदारों की भागीदारी बढ़ाने तथा भारतीय हस्तशिल्प के वैश्विक विस्तार को और सुदृढ़ करने के लिए कार्य कर रहे हैं।"

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख संस्था है, जो लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को एक ब्रांड के तौर पर पहचान देने का काम करती है। ये कारीगर देश के अलग-अलग क्लस्टर्स में होम, लाइफस्टाइल, फर्नीचर, फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज जैसे उत्पाद बनाते हैं. ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि साल 2024-25 में भारत से हस्तशिल्प का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच +91-9810423612

EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Connecting. Empowering. Transforming.
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

# PRESS RELEASE

## EPCH Intensifies Global Promotion of 62nd IHGF Delhi Fair Autumn 2026 at High Point Market, USA

**26th April 2026, Delhi/NCR**: The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) has further strengthened its global outreach campaign for the upcoming 62nd edition of IHGF Delhi Fair (Autumn) 2026 to be held from 13 – 17 October'2026 at IEML, Greater Noida, by participating in the prestigious High Point Market, North Carolina, USA, widely recognized as the largest international business centre for furniture and home furnishings.

The EPCH booth at "Suits at Market Square" was inaugurated jointly by Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH along with leading and respected buying agents Shri Prashanth Vasudevan, Mr. Shashank Khanna, and Mr. Ajay Abrol, in the presence of visiting international buyers.

Speaking on the occasion, Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH said that "Our continued presence at globally reputed platforms such as the High Point Market reflects Council's commitment to strengthening India's position as a preferred sourcing destination for high-quality handcrafted products. The strong response from international buyers, particularly from the US, reinforces the growing demand for Indian handicrafts and encourages us to further intensify our global outreach efforts."

Dr. Khanna further added that "We are actively engaging with major importers and buyers from the United States who are participating in the High Point Market. The flagship IHGF Delhi Fair has established itself as a well-recognized and trusted sourcing platform among American importers, many of whom regularly include the fair in their global sourcing calendar."

Shri Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH, said that "Our focused promotional strategy at High Point Market is aimed at direct engagement with leading buyers and importers. Through targeted outreach and sustained branding efforts, we are working towards increasing high-quality buyer participation at the upcoming IHGF Delhi Fair Autumn 2026 and expanding the global footprint of Indian handicrafts."

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institute for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million), as informed by Shri Rajesh Rawat, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Shri Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH
+91-9810423612

Encl: Hindi & English with photos







**Photo 1 & 2:** EPCH booth at "Suits at Market Square" was inaugurated jointly by Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH along with leading buying agents and visiting international buyers at High Point Market, USA